हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 7 दिसंबर 2025
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान
अधिकतम 25.2 डिग्री
न्यूनतम 12.6 डिग्री

14 मड़ई-मेला छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा और ...



14 राज गौरा मड़ई मेला में विधायक सिन्हा शामिल ...



**खबर संक्षेप**

### दो पक्षों के बीच मारपीट, मामला दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम अछोली में दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में तुमगांव थाने में अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को कामता साहू पिता सुनहर साहू ने बताया कि 4 दिसंबर की रात आठ बजे प्रदीप निषाद व संजूराम निषाद द्वारा अंडा ठेला लगाया गया था। वहीं पर घांसीराम साहू के घर के सामने रोड में घांसीराम के साथ बातचीत कर रहा था, तभी घांसीराम साहू की पत्नी उमा बाई बोली कि ये लोग हमेशा गाली देते रहते है इस पर उसने उन लोगों को गाली मत दिया करो कहा। इतने में दोनों भाई प्रदीप व संजू द्वारा दुकान से निकलकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2) , 296 , 3(5) , 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।
वहीं दूसरे पक्ष के प्रदीप निषाद ने पुलिस को बताया कि वह रोजाना शाम को अपने गांव में अंडा ठेला लगाकर बेचने का काम करता हूं। 4 दिसंबर की रात्रि करीब 7.30 बजे कामता साहू पिता सुनहर साहू उसके अंडा ठेला में आया और वहीं पास में बैठकर उससे कहने लगा कि यहीं पर अश्लील गाली गलौज करूंगा, इस पर उसने कहा कि यहां क्यों गाली गलौज करोगे अपने घर में जाकर गाली गलौज करो। यह कहने पर वह गाली देते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगा, जब उसका संजू निषाद आया तो उसके साथ भी मारपीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ तुमगांव थाने मे जुर्म दर्ज किया गया है।

**आत्मघाती कदम : धान बेचने टोकन कटवाने के लिए कई दिनों से लगा रहे थे चक्कर**

# टोकन जारी नहीं होने से परेशान किसान ने गला काटा, गंभीर स्थिति में रायपुर रिफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

धान बेचने के लिए टोकन जारी नहीं होने से परेशान किसान ने ब्लेड से गला काटकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। मामला जिले के बागबाहरा विकासखंड के ग्राम सेनभांठा का है। जहां सोसायटी में टोकन नही कटने पर 65 वर्षीय सीमांत किसान लगातार टोकन कटवाने के लिए च्वाईस सेंटरों के चक्कर काटता रहा। लेकिन, सर्वर समस्या और अन्य कारणों अंततः टोकन जारी नहीं हो पाया। मिली जानकारी के अनुसार किसान धान बेचने के लिए इसलिए भी परेशान था क्योकि अप्रैल में किसान की बेटी की शादी तय हो चुकी थी और उसे जल्द फसल की रकम की आवश्यकता थी।

शनिवार को आत्महत्या का प्रयास किए जाने के बाद गंभीर हालत में किसान को बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज महासमुंद रेफर कर दिया। लेकिन श्वास नली कट जाने से यहां मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे तत्काल रायपुर रिफर कर दिया।

किसान के पुत्र शंकर गांड़ा (34) ने बताया कि उनके पिता मनबोध गाड़ा के तीन भाईयों का




सम्मिलित खाते का 1.40 एकड़ कृषि भूमि है और उनके पिता चरवाहे का काम करते हैं। शंकर ने बताया कि उनके पिता मनबोध खेमड़ा सोसाइटी में 50 कट्टा धान बेचने के लिए पिछले तीन दिनों से टोकन के लिए च्वाइस सेंटर के चक्कर काट रहे थे, लेकिन, टोकन जारी नहीं हो पा रहा था। शंकर ने बताया कि उसके पिता रोज की तरह सुबह 8 बजे मवेशियों को चराने निकल गए। मवेशियों को चराने के दौरान अचानक उन्होंने ब्लेड से अपना गला काट लिया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंच उसने 112 के माध्यम से बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया।

डॉक्टरों ने महासमुंद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जहां से प्रारंभिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रायपुर रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार मनबोध की स्थिति चिंताजनक है।

### अप्रैल में थी बहन की शादी

किसान पुत्र ने यह भी बताया कि अप्रैल में उनकी बहन की शादी थी। जिसे लेकर पिता परेशान थे। इधर, टोकन के लिए बार-बार च्वाईस सेंटर के चक्कर काट रहे थे। पर, टोकन जारी नही होने पर वे काफी परेशान थे। इधर, ग्रामीणों के अनुसार किसान मनबोध कई दिनों से टोकन के लिए चक्कर काट रहा था, लेकिन उन्हें हर बार निराशा ही मिली। लगातार मानसिक तनाव और व्यवस्था की लेटलतीफी से परेशान होकर उसने यह भयावह कदम उठाया। ग्रामीणों की मानें तो सोसायटी में भी किसान सुबह से शाम तक लाइन में लगने के बावजूद टोकन जारी नहीं हो पाता।

### सोसायटी नहीं गया किसानः कलेक्टर



मामले में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि सोसायटी और च्वाईस सेंटर के साथ एप के माध्यम से भी टोकन प्राप्त करने की सुविधा शासन द्वारा दी गई है। सभी किसान जल्द से जल्द धान बेचना चाहते हैं और लिमिट पूरा हो जाने के चलते उक्त किसान को टोकन शनिवार को भी नहीं मिल पाया। शासन के निर्देशानुसार किसानों का शत प्रतिशत धान खरीदने की प्रशासनिक तैयारी है। सभी पहलुओं की जांच कराई जा रही है।

### टोकन के लिए तरसते-तरसते किसान ने काट लिया अपना गला



जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस नेता मोक्ष कुमार प्रधान ने कहा है कि किसान ने आत्महत्या का प्रयास नहीं, बल्कि भाजपा सरकार की लापरवाही का नतीजा है। सरकार ने किसानों को मरने पर मजबूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि हजारों किसान एग्रीटेक नहीं कर पा रहे, और टोकन नहीं कट रहा है और सरकार मूक दर्शक बनी बैठी है।

### सरल और सुलभ की बजाय शासन की कठिन व्यवस्था का परिणामः द्वारिकाधीश

कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने कहा है



कि सरकारी नीतियों की खामियों और सरल और सुलभ व्यवस्था की बजाय भाजपा सरकार में किसानों को धान बेचने के लिए कदम-कदम पर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जमीनी स्तर पर वर्तमान सरकार के प्रति लोगों का जनआक्रोश चरम पर है। किसान आज अपनी ही उपज बेचने के लिए परेशान होकर आत्महत्या जैसे प्रयास करने पर आमादा है जो आम जन के लिए काफी चिंतनीय विषय है।

### धान को ब्यारा में रखने की मजबूरी : मानिक

किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानिक साहू ने कहा



कि अधिकांश खरीदी केंद्रों में प्रतिदिन मात्र 600 से 700 क्विंटल की लिमिट तय होने से हजारों किसान परेशान हैं। इस गंभीर समस्या को पर आपत्ति दर्ज कराते हुए साहू ने कहा कि 80 से 90 प्रतिशत किसानों की धान की कटाई–मिजाई पूरी हो चुकी है, लेकिन खरीदी शुरू होने के बाद भी टोकन न मिलने से किसान अपने धान को ब्यारा (खलिहान) में सुरक्षित रखने के संकट से जूझ रहे हैं। लगातार बदलते मौसम में धान सूखने, भीगने और खराब होने की आशंका बढ़ गई है, जिससे किसानों पर आर्थिक बोझ और अधिक बढ़ रहा है।

**अवैध कटाई के मामले में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई**

## दो आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में भेजे गए



**महासमुंद।** जिले के पिथौरा वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 248 (संरक्षित वन) में अवैध कटाई एवं सफाई कर अतिक्रमण के प्रयास पर कार्रवाई करते हुए वन विभाग द्वारा आरोपीगण मधुसूदन एवं साधु, पिता समारु साहू, निवासी ग्राम मेमरा, के विरुद्ध वन अपराध क्रमांक 20656/20 05 दिसंबर पंजीबद्ध कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्हें लगभग 2-3 वर्ष पूर्व प्रत्येक को 5-5 एकड़ क्षेत्र में वन अधिकार पत्र प्राप्त हुआ था। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि अपने पट्टा क्षेत्र से सटे जंगल को धीरे-धीरे काटकर उसे कृषि भूमि में परिवर्तित कर अपनी भूमि में मिलाने के उद्देश्य से 0.61 हे. क्षेत्र में 149 हरे-भरे खड़े वृक्षों की अवैध कटाई की गई। क्षेत्र में अवैध कटाई एवं सफाई कार्य से वन्यजीवों के घोंसलों, अंडों तथा उनके प्राकृतिक रहवास को भी क्षति पहुंची है। स्थल निरीक्षण के दौरान वन्यजीवों की उपस्थिति एवं रहवास से संबंधित साक्ष्य प्राप्त हुए जिन्हें विधिवत संकलित किया गया। तलाशी के दौरान आरोपियों के निवास से 21 नग सागौन चिरान, दो नग कुल्हाड़ी एवं एक नग हाथ आरा जब्त किया गया। आरोपियों ने स्वीकार किया कि जब्त कुल्हाड़ी का उपयोग ही वृक्षों की कटाई में किया गया था। कक्ष क्रमांक 248 में हुई लोकसंपत्ति की क्षति एवं पर्यावरणीय हानि को ध्यान में रखते हुए आरोपियों के विरुद्ध-लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम, 1984, भारतीय वन अधिनियम, 1927, वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972, तथा छत्तीसगढ़ काष्ठ चिरान अधिनियम, 1984 की प्रासंगिक धाराओं के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों आरोपियों को 06 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय बसना में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिला करने का आदेश जारी किया गया, जिसके अनुपालन में उन्हें जिला जेल महासमुंद भेजा गया। साथ ही पूर्व में प्रदत्त वन अधिकार मान्यता पत्र निरस्त करने हेतु भी कार्रवाई की जा रही है

# स्कूलों में अपार आईडी की राह में आधार डेटा की अड़चन

## 27,000 से अधिक आवेदन खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री यानी अपार आई डी बनाने के कार्य में जो सबसे बड़ी आधार डेटा की अड़चन के 27 हजार से अधिक आवेदन खारीज हो गए हैं। जिले के सरकारी और निजी स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए महत्वाकांक्षी आईडी बनाने की इस डिजिटल पहल के कार्यान्वयन में यह एक बड़ी चुनौती बनकर सामने आई है।

विद्यार्थियों के आधार कार्ड में दर्ज डेटा और स्कूल रिकॉर्ड के बीच भारी विसंगति के कारण अब तक 27,326 विद्यार्थियों के अपार आईडी आवेदन रिजेक्ट हो चुके हैं, जिससे न केवल प्रक्रिया धीमी हुई है, बल्कि अभिभावकों के लिए भी असुविधा खड़ी हो गई है। अपार आईडी, जिसे 'एक राष्ट्र, एक छात्र आईडी' पहल के रूप में देखा जा रहा है, एक 12 अंकों का डिजिटल यूनिक नंबर होगा।

जिला मिशन समन्वयक (डीएमसी) रेखराज शर्मा ने बताया कि यह कार्ड विद्यार्थियों के सभी शैक्षणिक दस्तावेजों और डेटा को सुरक्षित रखेगा। उन्होंने अपार आईडी की अनिवार्यता पर बल देते हुए कहा कि भविष्य में छात्रवृत्ति वितरण, गणवेश वितरण, पुस्तक उपलब्धता, और अन्य सभी शैक्षणिक योजनाएं इसी आईडी से जुड़ी होंगी। इसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न राज्यों या स्थानों पर प्रवेश या आवेदन के समय विद्यार्थियों को मूल दस्तावेज साथ रखने की आवश्यकता को कम करना है, क्योंकि सभी आवश्यक सूचनाएँ डिजिटल रूप से उपलब्ध होंगी।






### 48 हजार से अधिक आधार कार्ड का सत्यापन लंबित

डीएमसी शर्मा ने बताया कि अभी भी 48,693 विद्यार्थियों के आधार कार्ड लंबित हैं, जिनका सत्यापन होना बाकी है। इसमें से 9,534 विद्यार्थियों के पास आधार कार्ड ही उपलब्ध नहीं हो पाए हैं, जबकि 1,024 आधार कार्ड का वैलीडेशन अभी भी लंबित है। इन विसंगतियों को दूर किए बिना अपार आईडी जनरेट करना संभव नहीं है। अधिकारियों ने त्रुटिपूर्ण आधार वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों से आधार सेवा केंद्र में जाकर विवरण में सुधार कराने का अनुरोध किया है।

### डेटा बेमेल बनी सबसे बड़ी बाधा

जिले में कुल 2,15,945 विद्यार्थियों के लिए अपार आईडी बनाई जानी है, जिनमें से अब तक 1,67,252 आईडी सफलतापूर्वक जनरेट की जा चुकी हैं। हालांकि, बचे हुए विद्यार्थियों के लिए समस्या विकट है। अधिकारियों के अनुसार, रिजेक्शन का मुख्य कारण आधार कार्ड में दर्ज नाम, जन्मतिथि और अभिभावकों के नाम में त्रुटियां हैं, जो स्कूल के दाखिल-खारिज रजिस्टर से मेल नहीं खाते।

## मेला घूमने गए युवक पर चाकू से हमला, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम डोकरपाली में राज गौरी गौरा मेला देखने गए युवक पर दो लोगों ने चाकू से हमला कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर तेंदूकोना थाने में आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को अमित दीवान 05 दिसंबर को उसके गांव मं राज गौरी-गौरा मेला लगा था। जहां उसका चचेरा भाई कुलेश्व र कुमार दीवान पिता स्वक मानसिंग दीवान भी गया था। जहां पर पचरी गांव के 02 लडके महिलाओं को देखकर अश्लीकल टिप्पतणी कर गाली गलौज कर रहे थे। जिसे उसके भाई कुलेश्वार ने मना किया। इसी बात को लेकर दोनों पचरी के लड़के गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्काय तथा चाकु जैसे धारदार वस्तुड से वार कर दिये। जिससे कुलेश्व र दीवान के सीने में और चेहरे में आंख के पास चोट आयी, जिसे तत्काल डायल 112 को सूचना देकर सरकारी अस्पकताल बागबाहरा ले जाया गया। रिपोर्ट पर 115(2) , 118(1) , 296 , 3(5) , 351(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।



**खबर संक्षेप**

### अजीब आफत... माशिम ने फिर बढ़ाई केंद्रीय छात्रवृत्ति की आवेदन तिथि

**रायपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल अजीब परेशानी में पड़ गया है। छात्रवृत्ति विरतण के लिए मंडल को छात्र नहीं मिल रहे हैं। आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण माशिम को एक बार फिर से आवेदन तिथि में वृद्धि करनी पड़ी। इससे पहले अब तक माशिम तीन बार आवेदन तिथि में वृद्धि कर चुका है। भारत सरकार द्वारा महाविद्यालयीन और विश्वविद्यालयीन छात्रों को केंद्रीय छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। इसके अंतर्गत मेधावी और आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता दे जाती है। इसके तहत स्नातक स्तर पर अध्ययनरत छात्रों को 12 हजार और स्नातकोत्तर स्तर पर अध्ययनरत छात्रों को 20 हजार रुपए प्रतिवर्ष प्रदान किए जाते हैं। नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल के माध्यम से इसके लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। आवेदन के लिए 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक अनिवार्य होते हैं। प्रथम वर्ष में स्कॉलरशिप प्रदान किए जाने के बाद आगे के वर्षों में स्कॉलरशिप तभी मिलती है, जब छात्र निर्धारित अंक हासिल कर चुके होते हैं।

### ऐमिटी ने धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह

**रायपुर।** ऐमिटी इंटरनेशनल स्कूल रायपुर ने गुरुवार को सत्यसाई संजीवनी हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में अपना दूसरा वार्षिक समारोह "प्रतिबिंब- हमारे भीतर का नायक" विषय के अंतर्गत गरिमामय एवं भावनात्मक वातावरण में मनाया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों के भीतर निहित साहस, करुणा और वैश्विक मानव मूल्यों को उजागर करना था। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन से हुई। संपूर्ण कार्यक्रम स्कूल के संस्थापक डॉ. अशोक के. चौहान एवं चेयरपर्सन डॉ. अमिता चौहान के दूरदर्शी दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है, जिसमें आंतरिक शक्ति, दया और नायकत्व की भावना को जीवन मूल्यों के रूप में प्रस्तुत किया गया।

**निधन**

### विमला अंबिलकर



**महासमुंद।** स्थानीय बाजार वार्ड निवासी राघव राव अंबिलकर की धर्म पत्नी श्रीमती विमला बाई अंबिलकर 69 वर्ष का 5 दिसंबर को निधन हो गया। वे दुष्यंत, प्रताप व जयंत की माता एवं राजवीर अंबिलकर की दादी थी। अंतिम संस्कार कल 7 दिसंबर को सुबह 10 निवास स्थान से भलेसर रोड मुक्तिधाम निकलेगी।

## निरीक्षण : किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव ने धान खरीदी का लिया जायजा

# धान खरीदी केंद्र पिथौरा का निरीक्षण, किसान कांग्रेस ने खरीदी लिमिट करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव संजय सिन्हा ने आज पिथौरा धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रदेश की भाजपा साय सरकार पर धान खरीदी में लिमिट कम रखने और किसानों को परेशान करने का आरोप लगाया।

सिन्हा ने कहा कि धान खरीदी शुरू हुए लगभग 18 दिन से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन खरीद केंद्रों में लिमिट अत्यंत कम होने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि टोकन सिस्टम भी किसानों की मुश्किलें बढ़ा रहा है।ऑनलाइन टोकन में कम लिमिट दिखाई देना, 'तुंहर ऐप' का कुछ ही मिनटों के लिए खुलना, तथा बार-बार तकनीकी दिक्कतें आने से किसान टोकन प्राप्त नहीं कर पा रहे। समिति द्वारा 30 प्रतिशत टोकन जारी करने की व्यवस्था भी सुचारू रूप से लागू नहीं हो पा रही है, जिससे किसान अपनी उपज का विक्रय नहीं कर पा रहे हैं।



आगे उन्होंने कहा कि किसानों को खरीदी केंद्रों में कई दिनों से चक्कर काटने पड़ रहे हैं, लेकिन खरीदी लिमिट बढ़ाए जाने को लेकर विभाग की ओर से स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की साय सरकार तेईस के चुनाव में किसानों से किए वादों से पीछे हट रही है, जिसके कारण किसान स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं और पूर्ववर्ती भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार को याद कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि तुंहर ऐप सुबह निर्धारित समय पर कुछ ही मिनटों के लिए खुलता है, जिससे एक साथ टोकन लेने की कोशिश में अधिकांश किसान असफल हो जाते हैं। यही कारण है कि किसान चॉइस सेंटरों में लंबी लाइन लगाने को मजबूर हैं और पूरे प्रदेश में यही स्थिति बनी हुई है। निरीक्षण के बाद किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव संजय सिन्हा ने महासमुंद जिले के जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव से दूरभाष पर बात कर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि धान खरीदी की लिमिट शीघ्र नहीं बढ़ाई गई तो प्रदेशभर के किसान आंदोलन करने को मजबूर होंगे, और इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।



### विकासखंड स्तरीय नवोदय मॉक टेस्ट का हुआ आयोजन, 423 विद्यार्थीयों ने लिया लाभ

**सरायपाली।** जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मंशानुरूप,जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के नेतृत्व में महासमुंद जिले में नवोदय मॉक टेस्ट का आयोजन 6 दिसंबर को सभी विकासखंड मुख्यालय में निःशुल्क एक साथ किया गया इसी तारतम्य में विकासखंड के स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय में विकासखंड स्तर पर निःशुल्क नवोदय मॉक टेस्ट का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया जिसमें 467 बच्चों ने ऑनलाइन आवेदन किया जिसमें से 423 विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति देकर विशेषज्ञों द्वारा तैयार किए गए इस विशिष्ट टेस्ट का लाभ लिया। नवोदय मॉक टेस्ट आयोजन के सफ़ल क्रियान्वयन हेतु बीईओ टीकमचंद पटेल, बीआरसीसी देवानंद नायक द्वारा परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया। मॉक टेस्ट कार्यक्रम समन्वयक पूर्णानंद मिश्रा एवं वीरेंद्र कुमार कर द्वारा परीक्षा केंद्र में उपस्थित होकर केंद्र का अवलोकन किया गया। समस्त पालकों,मार्गदर्शक शिक्षकों का खूब समर्थन प्राप्त हुआ। आराध्या स्पोर्ट्स द्वारा सभी बच्चों को पेन प्रदाय किया गया एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ कोलता समाज द्वारा बिस्किट का वितरण निःशुल्क किया गया।

## जिला स्तरीय वैष्णव परिवार सम्मेलन का समापन आज, पहले दिन हुई बैठकें

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा महासमुंद जिला द्वारा ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल खल्लारी में शनिवार 6 दिसंबर से शुरुआत हुई। जिला स्तरीय वैष्णव परिवार सम्मेलन का दो दिवसीय आयोजन रविवार 7 दिसंबर को समापन होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कृषि एवं बीज विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, अध्यक्षता छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा के राष्ट्रीय व प्रांतीय महासचिव लखनदास वैष्णव, विशेष अतिथि महासमुंद भाजपा के जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, महासमुंद जिला पंचायत के उपाध्यक्ष भीखम साहू, बागबाहरा जनपद पंचायत के सदस्य भूमिका सिन्हा, ग्राम पंचायत खल्लारी के सरपंच पुष्पेंद्र साहू, उपसरपंच तारेश साहू होंगे। उक्त सम्मेलन को लेकर समाज के जिला सचिव रमनदास वैष्णव (खल्लारी) ने बताया कि शनिवार 6 दिसंबर को दीप प्रज्ज्वलन, देवपूजन, वैष्णव मंडल खल्लारी के पदाधिकारी, कार्यकारिणी व छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा जिला महासमुंद कार्यकारिणी और छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा प्रांतीय पदाधिकारियों, युवा समिति, महिला समिति की बैठक हुई। संध्या आरती पश्चात भोजन व में रात्रि सांस्कृतिक गतिविधियों पर आयोजन भी किया गया। वैष्णव परिवार सम्मेलन के द्वितीय दिवस पर रविवार 7 दिसंबर को 9 से 10 बजे दीप प्रज्ज्वलन, देवपूजन। सुबह 10 से 12 बजे वैष्णव समाज के राष्ट्रीय व प्रांतीय पदाधिकारियों का स्वागत उद्बोधन। दोपहर 12 से 1:30 जनप्रतिनिधियों का स्वागत, उद्बोधन। दोपहर 1:30 से 3 बजे भोजन अवकाश, वहीं दोपहर 3:30 बजे 5 बजे सम्मान समारोह एवं आभार प्रदर्शन होगा। इस दौरान प्रमुखता से 60 वर्षों से ऊपर समस्त वैष्णव परिवार के नारी शक्ति व वरिष्ठजनों का सम्मान, वैष्णव पुजारियों का सम्मान, वैष्णव भगवताचार्यों का सम्मान, वैष्णव मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान, वैष्णव जनप्रतिनिधियों का सम्मान और प्रथम द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ श्रेणी के वैष्णव शासकीय सेवकों का सम्मान किया जाएगा।

## नवंबर में राशन से वंचित हितग्राहियों को 2 माह का राशन प्रदान करे सरकार : विनोद चंद्राकर

### सेल्समैनों के हड़ताल के कारण नवंबर में 20 हजार बीपीएल हितग्राही हुए राशन से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

माह नवंबर में सोसायटी प्रबंधक व सेल्समैनों की हड़ताल के कारण जिले भर के हजारों राशन दुकानों में चावल वितरण कार्य प्रभावित हुआ। सेल्समेन के हड़ताल पर चले जाने से जिले के लगभग 20 हजार गरीब परिवारों को नवंबर माह का खाद्यान्न वितरण नहीं हो पाया है। अतः नवंबर माह के छूटे हुए हितग्राहियों को दिसंबर व नवंबर का चावल एक साथ प्रदान करने की मांग पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सरकार से की है। चंद्राकर ने कहा कि जिले में 3 लाख 21 हजार 489 बीपीएल कार्डधारी उपभोक्ता हैं। 3 नवंबर से सोसायटी प्रबंधकों के साथ सेल्समैन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे। नवंबर माह में सेल्समेनों के हड़ताल पर चले जाने के कारण जिले भर के सहकारी समितियों के माध्यम से संचालित राशन दुकानों में चावल, शक्कर, नमक आदि का वितरण नहीं हो पाया था। महिला समूहों द्वारा संचालित राशन दुकानों में चावल वितरण हुआ था। उसके बाद भी 20 हजार कार्डधारियों को राशन का वितरण नहीं हो पाया है। नवंबर माह में हड़ताल के कारण गरीब उपभोक्ताओं को राशन से वंचित होना पड़ा। नवंबर माह में गरीब परिवारों को राशन नहीं मिलने से बाजार से महंगे दाम में चावल खरीदकर अपने बच्चों का पेट भरना पड़ा। गरीब परिवार के लोग शासकीय राशन के भरोसे ही अपना परिवार का भरण पोषण करते हैं। एक माह का राशन नहीं मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के समक्ष जीवन यापन की समस्या उत्पन्न हो गई थी। बाजार में अधिक दर पर चावल खरीद कर घर चलाना पड़ा। चूंकि, हड़ताल समाप्त हो गई तथा सभी राशन दुकानों में वितरण कार्य चल रहा है। इसलिए सरकार अविलंब ही आदेश जारी कर छूटे हुए बीपीएल हितग्राहियों को नवंबर व दिसंबर माह का चावल एक साथ वितरण कराने की व्यवस्था करें।



## सह संज्ञानात्मक गतिविधियों से बच्चों में रचनात्मक दक्षता बढ़ती है: हेमंत

### कसहीबाहरा स्कूल में विभिन्न रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधि का आयोजन

**पिथौरा।** शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में विद्यार्थियों की सह-संज्ञानात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इन गतिविधियों में चित्रकला, सुलेख, श्रुतिलेख, पहाड़ा प्रतियोगिता तथा संविधान की उद्देशिका का बगैर देखे वाचन जैसी प्रतियोगिताएं शामिल थीं।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मक दक्षता एवं विषयों के प्रति रुचि बढ़ाती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की तथा विजयी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए। पुरस्कृत विद्यार्थियों में दुष्यंत यादव को संविधान की उद्देशिका का वाचन करने के लिए 500 रुपए की नगद राशि तथा मधु यादव को 200 रुपए की नगद राशि इनाम स्वरूप प्रदत्त किए गए।



30 तक का पहाड़ा सुनाने के लिए वीर कुमार ध्रुव को 100 रुपए तथा विराट निषाद , मधु यादव व भुवन लाल ध्रुव को 50- 50 रुपए की नगद राशि दी गई।

इसी तरह से चित्रकारी के लिए नूतन, हेमकुमारी, भारती, देहुती, शीला, सौरभ, संजय, संजना को ड्राइंग बुक व कलर सेट, सुलेख हेतु विराट निषाद, भोमेश पटेल को कॉपी -कलम तथा श्रुति लेख हेतु मोना पटेल व हिमेश्वरी यादव को ड्राइंग बुक - कलर सेट प्रदाय किया गया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित बैगलेस की इस पहल पर अभिभावकों व शाला प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के इस गतिविधि की सराहना की है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक दिलीप कुमार पटेल व तबस्सुम शेख की महती भूमिका रही।

## जिले में 31 हजार से अधिक किसानों ने धान विक्रय किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

किसान का टोकन नहीं कट पाने के कारण किसान मनबोध बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बोडरीदादर सेनभांठा के निवासी ने परेशान होकर आत्महत्या करने का प्रयास किया।

सोशल मीडिया में वायरल खबर के संबंध में उपपंजीयक सहकारी समिति, महासमुंद ने बताया कि उक्त किसान समिति में टोकन कटाने नहीं आया था। उनके द्वारा समिति के किसी सदस्य से भी सहयोग नहीं लिया गया। खाद्य अधिकारी अजय यादव ने कहा कि जिले में 182 धान उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान खरीदी सुचारु रूप से जारी है। अभी तक इस वर्ष पंजीकृत 1 लाख 58 हजार 983 किसानों में से 31 हजार 487 किसानों ने बिना किसी परेशानी के धान विक्रय किया है। टोकन तुहर और सहकारी समिति के माध्यम से किसानों का टोकन काटा जा रहा है।

- टोकन के नाम से किसान परेशान न हो

अभी तक जिले में लगभग 20 प्रतिशत किसानों ने बिना किसी परेशानी के धान विक्रय किया है। जो राज्य में सर्वाधिक है। उन्होंने कहा कि आगे भी समय सीमा अंतर्गत खरीदी जारी रहेगी। जिला प्रशासन ने अपील की है कि किसी भी तरह के भ्रम से बचे और जरूरत पड़ने पर टोकन काटने में सहकारी समिति का सहयोग लें। समिति प्रबंधक को इस संबंध में निर्देशित किया गया गया है।

सरकार के मंशानुरूप महासमुंद जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य पूरी पारदर्शिता, सुरक्षा और सुचारूता के साथ निरंतर जारी है। धान खरीदी के 16वां दिन जिले के 182 धान उपार्जन केंद्रों में कुल 1,64,161 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है तथा 05 दिसंबर को 212.92 टन धान की खरीदी की गई। इस तरह कुल खरीदी 1,64,374 टन पहुंच गया है। किसान समर्थन मूल्य पर धान का उचित दाम मिलने से उत्साहित है तथा किसानों द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से टोकन कटवाकर अपनी उपज विक्रय के लिए ला रहे हैं।

## आंबेडकर को दी गई श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारत के प्रथम कानून मंत्री एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर गांधी कांग्रेस भवन महासमुंद में शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल ने भावपूर्ण उद्बोधन दिया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर केवल एक महान विधिवेत्ता और संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता, समता, बंधुत्व और मानवाधिकारों के सबसे बड़े प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने अपने जीवन का हर क्षण देश के कमजोर, वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित किया। पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कृष्णा कुमार चंद्राकर ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने हमें जो संविधान दिया, वह केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा है। संविधान में निहित स्वतंत्रता, समानता और न्याय के मूल्यों को मजबूत बनाना ही बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि है।

आज हमें उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है, ताकि समाज में किसी भी प्रकार का भेदभाव न रहे और हर व्यक्ति गरिमा के साथ जीवन सके। पूर्व जिला पंचायत सभापति अमर चंद्राकर ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, परिश्रम और ज्ञान का प्रतीक है। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने शिक्षा, बुद्धि और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर दुनिया में अपनी पहचान बनाई। हम सभी को उनके बताए मार्ग—शिक्षित बनो, संगठित बनो और संघर्ष करो—को जीवन में अपनाना चाहिए।

अंत में अध्यक्ष खिलावन बघेल ने उपस्थित जनों से अपील की कि बाबा साहेब के विचारों को केवल कार्यक्रमों तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें अपने व्यवहार और जीवन में उतारें। समाज में समानता, भाईचारे और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है।

उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में खिलावन बघेल अधिवक्ता अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी महासमुंद ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, कृष्णा चंद्राकर पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष, अमर चंद्राकर पूर्व जिला पंचायत सभापति, सोमेश दवे, कविता तिवारी सेवादल, तुलसी साहू पूर्व पार्षद, शत्रुघन साहू, पूर्व एल्डरमैन सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, अजय थवाईत, मोती साहू, तबरेज खान, देवेश शर्मा, मनोहर ठाकुर, सोनम रामटेके, जय पावर, सुरेंद्र ठाकुर, गोपी चंद तारक, संतोष धीवर, आकाश निषाद, लोकेश मांझी, भानू सोनी इत्यादि ने दो मिनट का मौन धारण किया फिर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई।

## जिले में कुष्ठ रोग उन्मूलन हेतु 8 से 31 दिसंबर तक सघन कुष्ठ खोज अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार राज्य में कुष्ठ रोग के उन्मूलन के उद्देश्य से दिनांक 08 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक सघन कुष्ठ खोज अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में महासमुंद जिले में भी यह विशेष अभियान 8 से 31 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य समुदाय में कुष्ठ संक्रमण को रोकना, रोगियों की प्रारंभिक अवस्था में पहचान कर उपचार उपलब्ध कराना तथा कुष्ठजन्य विकलांगता को रोकना है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव द्वारा 2 दिसंबर 2025 को जिला स्तरीय बैठक एवं प्रशिक्षण आयोजित कर समस्त बीएमओ, बीपीएम, बीईटीओ, एनएमए तथा विकासखंड कुष्ठ नोडल अधिकारियों को अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। उन्होंने व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि अभियान के दौरान कोई भी व्यक्ति जांच से वंचित न रहे।

अभियान के दौरान स्वास्थ्य अमला घर-घर जाकर कुष्ठ के संभावित लक्षणों वाले व्यक्तियों की पहचान करेगा तथा उनकी जांच एवं पुष्टि की कार्रवाई की जाएगी। धनात्मक पाए जाने वाले व्यक्तियों को निःशुल्क एमडीटी उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। जिलास्तर से प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा विकासखंड स्तर पर भी प्रशिक्षण आयोजित कर सर्वे दलों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें कुष्ठ के लक्षण, जांच तकनीक एवं आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी जाएगी। कुष्ठ के संभावित लक्षणों में त्वचा पर सुन्नपन सहित दाग, हाथ-पांव में झुनझुनी, सुन्नपन व सूखापन, कानों में गठानें या मोटापन आदि के बारे में जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में अभियान के लिए कुल 1308 सर्वे दल गठित किए गए हैं। प्रत्येक दल में एक मितानिन तथा एक पुरुष स्वयंसेवी कार्यकर्ता शामिल होंगे, जो घर-घर जाकर जागरूकता बढ़ाने के साथ जाँच करेंगे और संदिग्ध व्यक्तियों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भेजेंगे, जहाँ चिकित्सा अधिकारी द्वारा पुष्टि कर उपचार आरंभ किया जाएगा। अभियान के सफल संचालन हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, कक्ष क्रमांक 20 में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का संपर्क नंबर 9977881452 जारी किया गया है। इसी प्रकार जिले के सभी विकासखंडों में भी कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## नगर निगम की बड़ी कार्रवाई, संपत्ति कर का भुगतान नहीं करने वाली तीन दुकानें सीलबंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर नगर निगम ने शुक्रवार को शहर में संपत्ति कर के तीन बड़े बकायादारों की दुकानों को सीलबंद करने की कार्रवाई की है। इसमें शराब दुकान के साथ डेयरी स्वीट्स एवं फ्रूट्स की दुकान शामिल है। इसके अलावा अन्य एक प्रकरण में पोरवाल किचन में भारी गंदगी मिलने पर उसे भी सीलबंद किया है। इसके अलावा कई क्षेत्र में अवैध कब्जों को हटाने तथा सामान जब्ती बनाने की कार्रवाई भी हुई है।

जोन 3 क्षेत्र में खम्हारडीह चौक के पास व्यावसायिक परिसर की 4 दुकान ग्वाला डेयरी स्वीट्स दुकान, शराब दुकान, हनी फ्रूट्स तथा टीव्हीएस गोडाउन पर कुल 16 लाख 13 हजार 964 रुपए का संपत्ति कर बकाया है। इन सभी को पूर्व में निगम ने नोटिस जारी किया था। इसके बाद भी इन दुकान-गोडाउन के संचालक बकाया राशि का भुगतान नहीं कर रहे थे। इसे देखते हुए राजस्व विभाग के अधिकारियों के नेतृत्व में टीम सीलबंद कार्रवाई करने यहां पहुंची। इस दौरान टीव्हीएस गोडाउन को छोड़कर तीनों दुकानों को सीलबंद किया, वहीं गोडाउन के संचालक ने 3 लाख 51 हजार रुपए की राशि तत्काल जमा कराते हुए शेष राशि आगामी माह में देने का आश्वासन दिया। इसके बाद टीम ने इस दुकान को सीलबंद नहीं किया।





### स्वास्थ्य टीम ने पोरवार किचन को किया सीलबंद

नगर निगम की स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अनुपम नगर क्षेत्र में दुकान-होटलों का निरीक्षण किया। इस दौरान यहां पोरवाल किचन में भारी गंदगी मिली। इसे देखते हुए इसे तत्काल सीलबंद करने की कार्रवाई की। इस टीम में जोन क्षेत्र के कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस, सहायक अभियंता नरेश साहू सहायक राजस्व अधिकारी मानकू राम धीवर, उप अभियंता अक्षय भारद्वाज, जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन कुमार तांडी, राजस्व निरीक्षक जितेंद्र नियाल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## भाजपा सरकार किसानों की सरकार : अलका



**महासमुंद।** किसान द्वारा उठाए गए कदमको दुखद बताते हुए अलका चंद्राकर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा ने कहा कि भाजपा किसानों की सरकार है एवं उनकी चिंता करती है। उनके हर सुख-दुख में किसान भाइयों के साथ खड़ी है। खल्लारी विधानसभा के ग्राम सेनभाटा निवासी मनबोध पांडे कृषक की दुखद घटना की जानकारी प्राप्त हुआ, जो मन को व्यथित करने वाली है। उनके परिजनों से स्वास्थ्य की जानकारी ली है एवं कलेक्टर से चर्चा करके उनके समुचित इलाज की व्यवस्था की जा रही है। भाजपा किसान भाइयों से आग्रह करती है कि थोड़ा संयम बरतते हुए टोकन प्राप्त करें। उनके रकबा अनुसार धान का एक-एक दाना सरकार खरीदेगी एवं अधिकारियों चर्चा कर खरीदी लिमिट भी प्रत्येक सोसाइटी में बढ़ाने हेतु प्रस्तावित है।



## बैडमिंटन में आयुष प्रथम

**झलप।** सांसद खेल महोत्सव खल्लारी विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता बागबाहरा में आयोजित हुई, बैडमिंटन प्रतिस्पर्धा में कार्मेल कान्वेंट स्कूल बागबाहरा में अध्ययनरत छात्र भटगांव निवासी आयुष शुक्ला पिता धर्मेश शुक्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आयुष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता, पिता को दिया, जिन्होंने उन्हें हर कदम पर प्रेरित किया। उनका लक्ष्य आगामी लोकसभा स्तरीय प्रतियोगिता में है। जिसके लिए उन्होंने अपनी तैयारी शुरू भी कर दी है। उनकी इस सफलता पर ग्राम के सरपंच एवं ग्रामीणों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में नवजात शिशु एवं बच्चों का निःशुल्क ऑपरेशन शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

अग्रवाल नर्सिंग होम बसना सेवा भावी सोच के साथ, क्षेत्र की जरूरतमंद मरीजों की सुख-सुविधा का ख्याल रखते हुए लगातार विभिन्न बीमारियों के इलाज हेतु जगह-जगह निःशुल्क शिविर लगाकर स्वास्थ्य सेवा को नई सोच और नई उम्मीद के साथ क्रमशः लोगों को राहत पहुंचाने की मिशन में अब बसना क्षेत्र ही नहीं महासमुंद व छत्तीसगढ़ के दूरांचल, वनांचल क्षेत्र के साथ बिलासपुर, कोरबा, बिलाईगढ़, सरसीवां, सारंगढ़, रायगढ़, झारखंड, उड़ीसा सहित अनेक जिले तथा क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

ऐसे जटिल व असाध्य रोग तकलीफ से जूझते सैकड़ों मरीज बीते दिनों अग्रवाल नर्सिंग में इलाज कराकर बीमारी से छुटकारा पाकर स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। इसी तारतम्य में आगामी 10 दिसंबर 2025 बुधवार को नवजात शिशुओं का निःशुल्क ऑपरेशन शिविर का आयोजन अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में होगा। इस शिविर में प्रदेश के प्रख्यात पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. रितेश रंजन नवजात शिशु एवं बच्चों से संबंधित विभिन्न प्रकार की सर्जरी एवं ऑपरेशन निःशुल्क करेंगे।



### पिछले वर्ष की उपलब्धि

पिछले वर्ष आयोजित शिविर में 15 से अधिक बच्चों के ऑपरेशन पूर्णतः निशुल्क सफलतापूर्वक किए गए थे और सभी बच्चे स्वस्थ होकर घर लौटे। आयुष्मान कार्ड न होने पर भी अस्पताल प्रबंधन पूरी सहायता प्रदान करेगी। इसी के साथ रहना, खाना, दवाइयां, जांच व ऑपरेशन सब कुछ पूरी तरह निःशुल्क रहेगी। अनुभवी टीम, सुरक्षित चिकित्सा सुविधा और उत्कृष्ट देखभाल की जाएगी।

### इन समस्याओं में लाभ उठाएं

बच्चों की सामान्य एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, हर्निया, हाइड्रोसील, खतना, पेट में सूजन, किडनी–लिवर संबंधी ऑपरेशन, ब्रेन में सूजन, जन्मजात विकार गोटी का ना होना या पेट में होना उंगलियों का जुड़ा होना। गले, नाभि, जांघ, पीठ में गांठ होना, मलद्वार का न बनना, खाने की नली बंद होना, डायफ्रामेटिक हर्निया, गॉलब्लैडर एवं अपेंडिक्स का ऑपरेशन, मूत्र संबंधी समस्याएं आदि जांच की जाएगी।

## जागरूकता : ईको कैंप शिशुपाल का किया गया शुभारंभ

# रजत जयंती पर वन विभाग का शिशुपाल पर्वत पर मेगा प्लान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती के अवसर पर महासमुंद वनमंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र सरायपाली में स्थित शिशुपाल पर्वत (ईको कैंप शिशुपाल) का शुभारंभ 05.12.25 को वनप्रबंधन समितियों के अध्यक्ष, सदस्य, एवं वन चेतना केंद्र छिबर्रा के अध्यक्ष, सदस्य, द्वारा किया गया। इस अवसर पर मयंक पांडेय वनमंडलाधिकारी महासमुंद, प्रत्युष टांडेय वन परिक्षेत्र अधिकारी सरायपाली, सुखराम निराला वन परिक्षेत्र अधिकारी बसना एवं वन परिक्षेत्र सरायपाली, बसना के समस्त अधिकारी कर्मचारी व अंचल के ग्रामीण भी उपस्थित रहे।




विभाग की इस रोचक प्रस्तुति ने न सिर्फ आगंतुकों को आकर्षित किया है बल्कि राज्य की पर्यटन संभावनाओं को भी उजागर किया है। वहीं शिशुपाल पर्वत पर ट्रेकिंग करने वाले पर्यटको से ट्रेकिंग हेतु 20 रुपए ट्रेकिंग शुल्क लिया जा रहा है, एवं उनके द्वारा लिये जा रहे पानी बोटल, पैकेट फूड, प्लास्टिक की थैलियां, दोना पत्तल एवं प्लास्टिक से निर्मित सामग्री जो पर्यावरण को प्रदूषित करते है, ऐसे सामग्रियों को अपने साथ ट्रेकिंग पर ले जाने पर उन्हे एक शुल्क जमा करना पड़ेगा तथा ट्रेकिंग से वापस आने पर साथ लिये गये सामग्रियों एवं उनसे निकले कचरे को नीचे दिखा कर जमा किये गये शुल्क को उन्हें वापस कर दिया जाएगा जिससे पर्यावरण प्रदूषण में कमी होगी। शिशुपाल पर्वत पर्यटन क्षेत्र के नीचे या ऊपर प्लास्टिक का उपयोग करना, मदिरापान करना व मदिरापान सामाग्री ले जाना, पर्यटन क्षेत्र में कूढ़ा कचरा फैलाना, बिना अनुमति के शिशुपाल पर्वत के ऊपर जाना एवं टेंट लगाना, आग लगाना, पशुओं को चराना, किसी प्रकार के वृक्षों की कटाई एवं पर्यटन क्षेत्र में किसी तरह की खुदाई करना पूर्ण रुप से प्रतिबंधित है एवं दंडनीय अपराध है। इस कार्यक्रम में क्षेत्र से बड़ी संख्या में पंच, सरपंच, ग्रामीण व गणमान्य नागरिक गण, विभाग के स्टाफ गण उपस्थित रहे।

## मालीडीह स्कूल के प्रधान पाठक को दी गई विदाई

**महासमुंद।** उच्च प्राथमिक शाला मालीडीह के प्रधान पाठक सनत कुमार चंद्राकर का विदाई सम्मान समारोह शाला प्रबंधन समिति द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला के नवीन कक्षों का उद्घाटन किया गया। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। शाला परिवार, प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत विद्यालय के बच्चों, ग्राम वासियों द्वारा शाल श्रीफल एवं उपहार देकर चंद्राकर का सम्मान किया गया। इस अवसर पर चंद्राकर ने अपनी 39 वर्षों की शिक्षकीय यात्रा के बारे में बताया। विदाई सम्मान समारोह में विकाखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, संकुल समन्वयक आशीष कुमार साहू सहित वरिष्ठ शिक्षक मोहन लाल साहू, उमाशंकर पांडेय, उर्मिला यादव, प्राथमिक प्रधान पाठक लक्ष्मण साहू सेवती ध्रुव, नंदनी साहू, बलराम साहू उपस्थित रहे। साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों में सरपंच प्रतिनिधि संजय पटेल, पंचगण डिगेश खैरवार, नीरज चंद्राकर, योगेश पटेल, कन्हैया ठाकुर, दुबिन यादव, पुन्नी बाई साहू, गोविंद असगर, वरिष्ठ गणमान्य अरुण चंद्राकर, बलदाऊ चंद्राकर, रविंद्र चंद्राकर, नोहर यादव, गन्नू नायक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मोहन लाल साहू ने किया, आभार प्रदर्शन शिक्षक उमाशंकर पांडेय ने किया।

# पढ़ाई के साथ शैक्षणिक गतिविधियां बच्चों का सर्वांगीण विकास करती हैं: सिन्हा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन इंग्लिश मीडियम स्कूल बंसुला में उत्साह और उमंग से भरा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें फैंसी ड्रेस, सलाद मेकिंग, रंगोली तथा मनमोहन डांस जैसी आकर्षक प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने पूरे कार्यक्रम को जीवंत और मनोरंजक बना दिया।

मुख्य अतिथि प्रकाश सिन्हा, सभापति जनपद पंचायत बसना, अध्यक्षता संस्था के डायरेक्टर आरके दास, तथा विशिष्ट अतिथि साहू समाज के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष नूतन साव एवं विद्यालय की प्राचार्य भगवती जगत ने की। सभी अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और मेहनत की सराहना की।

मुख्य अतिथि प्रकाश सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों को केवल मंच ही नहीं देतीं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति की क्षमता बढ़ाती हैं। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासित वातावरण प्रदान किया जाना वास्तव में सराहनीय है।

■ **बच्चों को प्रोत्साहित करने पहुंचे जनपद सभापति प्रकाश सिन्हा**

विद्यालय परिसर में आयोजित प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण रही, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चे डॉक्टर, सैनिक, वैज्ञानिक, किसान, नर्स, स्वतंत्रता सेनानी और परीकथाओं के पात्र बनकर मंच पर उतरे और अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। रंगोली प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी सृजनशीलता का सुंदर प्रदर्शन किया, वहीं सलाद मेकिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने स्वास्थ्य के संदेश के साथ आकर्षक सलाद तैयार किए। डांस प्रस्तुतियों ने पूरे कार्यक्रम में उल्लास का माहौल बना दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रेणियों के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए और बच्चों को आगे भी अपनी प्रतिभा निखारने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अतिथियों द्वारा दिया गया सम्मान बच्चों के चेहरों पर उत्साह और आत्मविश्वास की चमक लेकर आया। उक्त समारोह में उप प्राचार्य नंदिनी प्रधान, ऊषा बीसी, हसीना बेगम, तन्नू निशा, वसुधा साव, सबनम जौहरी, आरती नाग, अरिन कौशल, दीपिका साव, परमानंद पटेल, गणेश सिदार, प्रशांत देव, स्कूल स्टाफ एवं सभी अभिभावकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




## खबर संक्षेप



### डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई इस दौरान मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर,जया चंद्राकर उपस्थित थे। इस दौरान भूषण चंद्राकर ने कहा कि डॉ. बाबा भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार, महान समाज सुधारक, भारत रत्न से अलंकृत बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, समानता और सामाजिक न्याय की अद्वितीय मिसाल है। हमें उनके आदर्शों पर चलकर एक समतामूलक समाज के निर्माण का संकल्प लिए है। डॉ. बाबा भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि हर साल 6 दिसंबर को मनाई जाती है।

### परकोम में दो दिवसीय मानस गान महोत्सव 13 और 14 दिसंबर को

**नर्रा।** ग्राम परकोम में दो दिवसीय मानस गान महोत्सव 13 व 14 दिसंबर को आयोजित किया गया है। जिसमें आमंत्रित मानस मंडलियों में प्रज्ञा मानस परिवार सोरिद खुर्द गरियाबंद, दाई के दुलार मानस परिवार कन्हारपुरी गुरूर, साई कृपा मानस परिवार जीवतरा, रागिनी मानस परिवार ओडेकेरा जैजैपुरी, संगम मानस परिवार परकोम, वत्सल मानस परिवार बागबाहरा, जय कपिस मानस परिवार आमाकोनी महासमुंद, पावन धारा मानस परिवार मठपुरैना रायपुर, जय सिद्धेश्वर मानस परिवार देवर तिल्दा शामिल हैं।

### खेत में अन्न माता की पूजा कर मनाया बढ़ोना की रस्म

**बिरकोनी।** छत्तीसगढ़ किसानों की संस्कृति और परंपरा का अभिन्न अंग है, जो धान कटाई के बाद प्रकृति और अन्नदाताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते है। ग्राम बिरकोनी में धान की कटाई से किसान परिवार ने उत्सुकता जाहिर की हैं। वही धान कटाई अंतिम चरम पर है। सभी किसान धान कटाई के साथ ही बढ़ोना पर्व मना रहे हैं। खेत में प्रकृति व अन्नकुमारी की पूजा अर्चना हो रही हैं। और पैदावार के लिए आभार व्यक्त कर रहे है। चना मुर्रा, खीर पूड़ी के भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। वही बच्चों ने पटाखा फोड़ कर आतिशबाजी की। किसानों ने एक दूसरे के माथे पर तिलक लगातार आशीर्वाद लिया। इससे किसान परिवार में हर्ष का माहौल हैं।

**आयोजन : सोनदादर में आयोजित मड़ई मेला में शामिल हुए खल्लारी विधायक**

# मड़ई-मेला छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा और संस्कृति की पहचान : द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

ग्राम सोनदादर में आयोजित मड़ई मेला में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।




ग्राम सोनदादर में हर साल की तरह इस साल भी मड़ाई मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि यादव के गांव पहुंचने पर ग्रामवासियों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। बाद इसके मुख्य अतिथि विधायक यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक यादव ने ग्रामवासियों को मड़ई मेला की बधाई देते हुए कहा कि मड़ई मेला छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा और संस्कृति की पहचान है। हम सभी को इस सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखना होगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि अपनी जड़ों, परंपराओं के प्रति श्रद्धा प्रकट करने का पर्व है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के देवनारायण दीवान, पवन कुमार ध्रुव, माखन दीवान, एसराम दीवान, दिलशाद अली आदि का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से किशनलाल गौटिया, यशराम साहू, गैंदराम साहू, रविलाल दीवान, रमेश दीवान, प्यार मोहम्मद, भागवत दीवान, संतोष दीवान, चंदूलाल दीवान, रमन यादव, लालाराम यादव, प्रीतम यादव, हीराराम दीवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

इस अवसर पर जनपद सदस्य पारस सांखला, पुरण पटेल, रामजी चक्रधारी, पृथ्वी साहू, थनवार ठाकुर, देवराम देवांगन, जली राम यादव, ख़रिसाय पटेल, गुहाराम बंजारा, चोवालाल देवांगन, उत्तम बंजारा, पुरुषोत्तम ठाकुर, मेघसिंह ठाकुर, टोप सिंग ठाकुर, नीलकंठ ठाकुर, कपूर ठाकुर, यादराम देवांगन, गोवर्धन सिन्हा, उतरा पुरैना, नंदकुमार ओगरे, धनुउ यादव, बिरझु पुरैना, भरत पटेल, मंगल दास जोगी, चमरू जगत आदि मौजूद थे।

### भगवान राम के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान

अहगन पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर ग्राम फिरगी में मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। इस दौरान उन्होंने संत तुलसीदास द्वारा रचित श्रीरामचरितमानस की महिमा का बखान करते हुए कहा कि यह ग्रंथ केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों का सजीव मार्गदर्शक है। ऐसे आयोजनों से न सिर्फ हमारी सांस्कृतिक विरासत जीवित रहती है, बल्कि युवा पीढ़ी को भी अपने गौरवशाली अतीत से जुड़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने भगवान राम के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया।



### जिला स्तरीय मॉक टेस्ट का आयोजन

**महासमुंद।** नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के परीक्षा कौशल को मजबूत करने के उद्देश्य से महासमुंद जिले के सभी पाँचों विकासखंडों में जिला स्तरीय मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। विकासखंड महासमुंद के परीक्षा केंद्र पीएम बृजराज प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में पहुंचकर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि 13 तारीख को होने वाली प्रवेश परीक्षा में जो प्रश्नपत्र और ओएमआर शीट दी जाएगी, उसी प्रारूप की ओएमआर शीट इस मॉक टेस्ट के लिए तैयार की गई है। विद्यार्थियों को इसका पूरा अभ्यास करना चाहिए ताकि मुख्य परीक्षा में बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकें। डीएमसी रेखराज शर्मा ने बच्चों को निरंतर तैयारी करने के लिए मार्गदर्शन किया। ओएमआर शीट भरने समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचने और धैर्य के साथ प्रश्न हल करने कहा। सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा ने भी बच्चों को मार्गदर्शन किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। महासमुंद में 317 बच्चों ने दी परीक्षा शाम तक आए परिणाम में टॉप फाइव में पीयूष कुमार यादव सेजेस पटेवा प्रथम, प्राची डोंगरे सन साइन झलप द्वितीय, वैभव ध्रुव महर्षि विद्या मंदिर मचेवा तृतीय, जिया ध्रुवंशी प्राथमिक शाला खट्टी चतुर्थ, जिज्ञासा निषाद प्राथमिक शाला खट्टी पंचम स्थान बनाया। मॉक टेस्ट कार्यक्रम में प्राचार्य डी. एन. जांगड़े, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तारिका कुंजाम, बीआरसीसी महासमुंद जागेश्वर सिन्हा, सीएसी पवन साहू, ललित किशोर बया, गणेशराम टंडन, सुरेंद्र चंद्राकर, ईश्वर कुमार, फनेंद्र बंजारे उपस्थित रहें। साथ ही विकासखंड महासमुंद के सम्मानित शिक्षाविदों सिराज बक्श, लुकेश ध्रुव, भूषणलाल साहू, गणेशराम ध्रुव, गोपाल साहू, मन्नूलाल चौधरी, निर्मला पटेल, भूषणलाल चंद्राकर, लकेश्वर पटेल, अजय बंजारे, बोधन ध्रुव, डिगेश पुरैना, नूतन दुबे, प्रतिमा साहू, कमल साहू, घनश्याम यादव—का भी सक्रिय योगदान रहा।

## राज गौरा मड़ई मेला में विधायक सिन्हा शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

ग्राम ( भेलवा) मुनगासेर में बीते शुक्रवार को राज गौरा मड़ई मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक महासमुंद रहे। विशिष्ट अतिथि में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महासमुंद सरपंच ऋतु जोहत निषाद ग्राम पटेल रामनाथ ठाकुर ग्रामीण अध्यक्ष पुरुषोत्तम ठाकुर, प्राचार्य हंसराम दीवान मंचासीन थे। कार्यक्रम की शुरूआत मड़ई निकाल कर किया गया। इसके बाद सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान फूल माला व गुलाल एवं गमछा भेंट कर किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सिन्हा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज गौरा मड़ई मेला छत्तीसगढ़ राज्य से संबधित एवं पारंपरिक मेला है। राज गौरा नाम संभवतः गौरा गौरी पूजा से जुड़ा हुआ है। यह पूजा गौरी पार्वती को समर्पित होती है। वहीं इस कार्यक्रम में शासकीय हाईस्कूल मुनगासेर के छात्र कुनाल निषाद, चंद्रशेखर साहू, माही ध्रुवंशी का अतिथियों ने सम्मान किया। इस दौरान विधायक योगेश्वर सिन्हा से गांव के विकास के लिए रंगमंच टिन शेड, सीसी रोड कांक्रीटीकरण के लिए 15 लाख रुपये की राशि की मांग ग्रामीणों ने किया जिस पर विधायक महासमुंद द्वारा ग्राम पंचायत मुनगासेर के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव मदद करने की बात कही गई। इसके बाद जोबा कला के कलाकरों के द्वारा सुवा नृत्य कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी गई। ग्रामीणों द्वारा बाजे गाजे के साथ भव्य कलश शोभा यात्रा निकली जिसमें ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। गौरा गौरी प्रतिमा विराजित कर पूजा अर्चन किया गया। इस अवसर पर रात्रि में कका भतीजा नाच पार्टी का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर उमाशंकर ध्रुवंशी, चंद्रिका ध्रुवंशी, दिनेश ध्रुव, गजेंद्र, ओमप्रकाश, परस, गणेश ऋतु जोहत निषाद, ललित पटेल के अलावा ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन मनीराम ध्रुव एवं टीकम पटेल ने किया।



## भागवत कथा में शामिल हुए पालिका अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर के रमनटोला में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने व्यासपीठ में विराजित कथा वाचिका का श्रीफल व अंगवस्त्र भेंट कर तथा भागवत भगवान की पूजा कर नगरवासियों की खुशहाली की कामना की। साहू ने कहा कि धार्मिक व आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में एकता व सद्भाव का संचार होता है। श्रीमद भागवत कथा से आयोजन स्थल सहित आसपास का वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जिससे भागवत कथा के आयोजनकर्ता सहित श्रवण करने वालों का कल्याण होता है। ज्ञात हो कि उक्त आयोजन रमनटोला निवासी वेद चंद्राकर परिवार द्वारा किया जा रहा है। जिसमें रमनटोला सहित नगर के विभिन्न वार्डों से भक्त कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।



### सतर्क एप में जब्त प्रकरण की जानकारी दर्ज न करने पर खाद्य निरीक्षक को नोटिस

**महासमुंद।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य जिले में सुचारू रूप से जारी है। शासन के निर्देशानुसार अवैध धान परिवहन एवं स्टॉकिंग के विरुद्ध की गई कार्रवाई की तत्काल ऑनलाइन प्रविष्टि सतर्क एप में करने के निर्देश सभी खाद्य निरीक्षकों को दिए गए हैं। इसी क्रम में 03 दिसंबर 2025 को आयोजित धान खरीदी समीक्षा वीडियो कांफ्रेंस में कलेक्टर को अवगत कराया गया था कि अंबे राइस इंडस्ट्री, भीखापाली में अवैध धान स्टॉकिंग के अंतर्गत 475 कट्टा अतिरिक्त धान पाया गया, जिस पर जब्ती की कार्रवाई कर प्रकरण तैयार किया गया है। किन्तु 05 दिसंबर 2025 तक संबंधित खाद्य निरीक्षक द्वारा इस जब्त प्रकरण की जानकारी सतर्क एप में दर्ज नहीं की गई। जिला निगरानी समिति के नोडल अधिकारी द्वारा लगातार निर्देशित किए जाने के बावजूद एप में प्रविष्टि नहीं किए जाने को जिला प्रशासन ने लापरवाही एवं अनुशासनहीनता माना है।

इस पर खाद्य अधिकारी ने संबंधित खाद्य निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। निरीक्षक को नोटिस प्राप्ति के 03 दिवस के भीतर अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समयावधि में जवाब प्राप्त न होने की स्थिति में उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## विश्व वन्यप्राणी संरक्षण दिवस, विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**पिथौरा।** विश्व वन्यप्राणी संरक्षण दिवस के अवसर पर बारनवापारा अभ्यारण्य के कंपोजिट कार्यालय भवन में गुरुवार को एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों में वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रकृति के प्रति उनकी जिम्मेदारी की भावना को सशक्त करना था।

इस अवसर पर बारनवापारा के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों को वन्यजीव संरक्षण से संबंधित प्रेरणादायक वीडियो और डॉक्यूमेंट्री फ़िल्में दिखाकर जंगली जानवरों,पक्षियों व प्राकृतिक संसाधनों के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल कविता ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वन्यप्राणी पृथ्वी की जैव विविधता का अभिन्न हिस्सा हैं। जिनका संरक्षण भविष्य की पीढ़ियों के लिए अनिवार्य है। उन्होंने अवैध शिकार, वन कटाई और प्रदूषण जैसे खतरों से वन्यप्राणियों को होने वाले नुकसान पर विस्तृत जानकारी दी।




कार्यक्रम में मुख्य रूप से बारनवापारा अभ्यारण्य के अधीक्षक कृषाणु चंद्राकर,परिक्षेत्र अधिकारी बार गोपाल प्रसाद वर्मा, प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल कविता ठाकुर, परिक्षेत्र सहायक विमलेश वर्मा तथा विद्यालय के एनएसएस प्रभारी दुर्गेश वर्मा सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को यह संकल्प दिलाया गया कि वे अपने परिवार एवं समाज में प्रकृति और वन्यजीव संरक्षण का संदेश प्रसारित करेंगे और पर्यावरण के सजग रक्षक बनने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाएँगे। अधीक्षक कृषाणु चंद्राकर का वक्तव्य अधीक्षक बारनवापारा कृषाणु चंद्राकर ने कहा कि विश्व वन्यप्राणी संरक्षण दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी की याद दिलाने वाला महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि वन्यप्राणी जैव विविधता के आधार स्तंभ हैं और इनके संरक्षण के बिना प्रकृति का संतुलन बनाए रखना संभव नहीं है। उन्होंने अवैध शिकार,वनक्षति और पर्यावरण प्रदूषण जैसी चुनौतियों पर चिंता व्यक्त की तथा कहा कि इन समस्याओं से निपटने के लिए समाज, प्रशासन और युवा पीढ़ी का संयुक्त प्रयास आवश्यक है।

### शीतला मंदिर नव निर्माण के लिए सहयोग देने की अपील



**महासमुंद।** अपने जन्मदिन के अवसर पर धर्मेंद्र यदु ने नगर कुलदेवी मां शीतला मंदिर के भव्य नव निर्माण हेतु मंदिर परिसर में एक कालम निर्माण के लिए 21 हजार रुपए की सहयोग राशि माता के चरणों में समर्पित की। साथ ही उन्होंने क्षेत्रवासियों से माता शीतला के भव्य विशाल मंदिर निर्माण में मुक्त हस्त से सहयोग प्रदान करने का अपील की। नगर पंचायत तुमगांव की आराध्य नगर कुल देवी मनोकामना पूर्ण देवी माता शीतला का भव्य विशाल मंदिर निर्माण कार्य चालू है। शीतला समिति का प्रमुख उद्देश्य है कि सभी नगरवासियों, भक्तजनों से यथाशक्ति माता शीतला के नव निर्माण मंदिर परिसर हेतु सहयोग लिया जाएगा। जिसके लिए मंदिर निर्माण जन संपर्क अभियान का शुभारंभ किया गया है। समिति द्वारा माता सेवा के माध्यम से प्रभात फेरी कर सभी वार्डो में टीम बना कर पूरे नगर में तथा आसपास सभी क्षेत्रों में सहयोग अभियान चलाया जाएगा। बता दें यह नगर पंचायत तुमगांव का सबसे विशाल भव्य मंदिर होगा, जिसकी लागत राशि 25 लाख रुपए से ज्यादा होगी।

## डॉ. आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण और मौन धारण के साथ महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सर्व अनुसूचित जाति समाज जिला इकाई महासमुंद एवं भारतीय बौद्ध महासभा व जिला एडवोकेट प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में 6 दिसंबर को भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर नगर के मध्य स्थित डॉ अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण पश्चात उपस्थित नागरिकों के बीच डॉ अंबेडकर द्वारा किये गए राजनीतिक व सामाजिक उत्थान व समाज सुधार में योगदान के साथ-साथ भारत का संविधान लिख कर विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान देकर भारत को विश्व पटल उच्च दर्जा दिलाने वाले मसीहा को याद किया गया।



उनके जीवन विषम परिस्थितियों से भरा रहा उन सभी को लड़ते हुए देश के लिये अमूल्य व साहसिक कार्यो में से सबसे चुनौती पूर्ण कार्य स्वतंत्र भारत के लिये विस्तृत संविधान का लिखित मसौदा तैयार करना जिसमें प्रत्येक वर्ग समूह को न्यायोचित स्थान देना जिसे उन्होंने अपने सूझ बूझ के साथ अथक प्रयास से अपने सहयोगी समिति के सदस्यों के साथ भारतीय संविधान को तैयार कर भारतीय जनमन को अधिकार व कर्तव्यों का समन्वय के साथ देश की प्रगति के लिये विभिन योजनाओं की भी, संसद में रख कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर हम सब के लिये मार्ग प्रशस्त कर आज के दिन बुद्ध में समाहित होकर महानिर्वाण को प्राप्त हुये। अंत में सभी मौन धारण कर पुष्पांजली के साथ महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। तत्पश्चात बौद्ध बिहार में बुद्ध धम्म प्रार्थना के साथ श्रद्धांजलि सभा का समापन किया गया। इस अवसर पर रेखराम बघेल जिलाध्यक्ष सर्व अजा समाज, देवेंद्र मेश्राम जिलाध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा, एडवोकेट नंद कुमार जोगी, प्रोफेसर जे पी खटकर, तुलेंद्र सागर संरक्षक, विजय बंजारे संरक्षक, अनिल ढीढी उपाध्यक्ष जिला अजाक्स, पी बंसोड़, रतन कामड़े, राजेंद्र उके, आकाश खोब्रागड़े, राजेश रात्रे प्रगतिशील सतनामी समाज, उक्त विज्ञप्ति तुलेंद्र सागर, जिला सचिव अजाक्स जिला संघ महासमुंद द्वारा दिया गया।

### महादेवा धाम कसेकेरा परिसर में गोड़ समाज युवक - युवती परिचय सम्मेलन आज

**नर्रा।** अखिल भारतीय गोड़ समाज युवक - युवती परिचय सम्मेलन 7 दिसंबर दिन रविवार को प्रातः 9 बजे से महादेवा धाम कसेकेरा कोमाखान परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि दीपक बैज प्रदेशाध्यक्ष छग कांग्रेस कमेटी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता में बसंता ठाकुर केंद्रीय अध्यक्ष अभा गोड़ समाज रानी महल पिथौरा एवं अतिविशिष्ट अतिथि में द्वारिकाधीश यादव विधायक खल्लारी एवं जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी महासमुंद, विशिष्ट अतिथि के रूप में खामसिंह मांझी, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अभा गोंडवाना गोड़ महासभा लोकेंद्र सिंह कोसमर्रा, राष्ट्रीय महासचिव अभा गोड़ महासभा प्रताप सिंह नाग अध्यक्ष अभा गोड़ समाज मल्हार महासभा आदि होंगे। उक्ताशय की जानकारी अभा गोड़ समाज 18 गढ सुवरमार राज मीडिया प्रभारी तूफान दीवान ने दी। उन्होंने गोड़ समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन में समाज के लोगों को बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।




# खट्टी स्कूल में मनाया गया छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय कन्या उच्च प्राथमिक शाला खट्टी एवं प्राथमिक शाला परिवार द्वारा बड़े ही धूमधाम से छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस मनाया गया। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भागवत जगत भूमिल अध्यक्षता लीना पांडेय ने किया जबकि विशेष अतिथि के रुप में अभिषेक सालोमन, त्रिवेणी चंद्राकर, संगीता धुरंधर विशेष रूप से उपस्थित थीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पावन वंदना से कक्षा सातवीं के चेतना यादव एवं पीयूषा दीवान ने प्रस्तुत किया। मातृवंदना के पश्चात बच्चों के द्वारा छत्तीसगढ़ भाषा के महत्व को ध्यान में रखते हुए दामिनी ध्रुव कक्षा सातवीं ने कविता प्रस्तुत किया जबकि कक्षा छठवीं की डिगेश्वरी पटेल एवं निकिता साहू ने जनौऊला पूछ कर सोचने के लिए मजबूर कर दिया। साथ ही सोनई पटेल, रेशमा साहू, कामनी साहू,खिलेश साहू द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया।



कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि से बोलते हुए वरिष्ठ शिक्षक अभिषेक सालोमन ने मातृभाषा छत्तीसगढ़ी की दैनिक प्रयोग हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लीना पांडेय ने कहा की छत्तीसगढ़ी आज जन संपर्क की भाषा बन चुकी है।

मुख्य अतिथि के आसंदी से बोलते हुए भागवत जगत भूमिल ने कहा कि -गुरतुर छत्तीसगढ़ भाखा अऊ ओकर सामरथ पन काकरो बर लुकाय नई हे। किंतु छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना प्रक्रिया में हमारे साथ धोखा हुआ है।

भारत में किसी भी राज्य स्थापना के तीन आधार है -1.भाषाई आधार पर 2.हिंदी भाषा और अन्य बोलियों के आधार पर 3. राजनैतिक आवश्यकता के आधार पर। उपरोक्त प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना क्रमांक 2 के आधार पर कर दिया जबकि हम क्रमांक 01 के हम स्वमेव अधिकारी थे। दूसरे आधार पर करके छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ी के साथ भारी धोखा हुआ है। अब समय आ गया है जब छत्तीसगढ़ी को संविधान के आठवीं अनुसूची में अविलंब शामिल किया जाय। पहले छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग का गठन किया गया। अब उसे छत्तीसगढ़ी के स्थान पर छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग कर दिया गया है। आज के कार्यक्रम का संचालन कक्षा आठवीं से भूमिका साहू एवं सातवीं की प्रेगिता साहू ने किया। आभार प्रदर्शन कंचन ध्रुव ने किया। उपरोक्त जानकारी वरिष्ठ शिक्षक सिराज बक्स ने दिया।